कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर द्वारा किये गये उपाय

- विश्वविद्यालय परिसर में मार्निंग वॉक के लिये आने वालों को निषेध किया गया।
- विश्वविद्यालय के सेन्ट्रल इन्स्ट्रूमेन्टल फेसेलिटी सेन्टर द्वारा 50 लीटर सेनेटाइजर एवं 1000 लीटर Disinfectant बनवाकर उसका छिड़काव समस्त अध्ययनशालाओं, परीक्षा भवन, लेखा विभाग पुस्तकालय भवन एवं समस्त प्रशासनिक भवन में कराया गया।
- सेन्ट्रल इन्स्ट्रूमेन्टल फेसेलिटी सेन्टर द्वारा Hand Sanitizer एवं Disinfectant बनाने का प्रशिक्षण दिनांक 20 एवं 21 मार्च, 2020 को शिक्षकों, शोधार्थियों एवं कर्मचारियों को दिया गया, ताकि वे इस राष्ट्रीय आपदा से बचाव कार्य में सहयोग प्रदान करें।
- शिक्षकों/कर्मचारियों/अधिकारियों को मॉस्क, सेनेटाइजर, ग्लोब्स बांटे गये।
- एस.एम.एस. के द्वारा छात्रों को उनके घरों में रहकर शिक्षण कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।
- समस्त छात्रावासों को खाली कराया गया।

- विश्वविद्यालय द्वारा एक टॉस्क फोर्स का गठन कर कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये उपायों का प्रचार कराया गया। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा एक एम्बुलेन्स को आपातकालीन कार्य के लिये लगाया गया जिसका पर **‘कोरोना वायरस टास्क फोर्स’** लिखवाया गया। यह एम्बुलेन्स आवश्यकता होने पर ग्वालियर शहर में भी कोराना वायरस पीड़ितों की सहायता करेगी।
- कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु निर्देश लिखकर विश्वविद्यालय के दोनों गेटों पर बैनर पोस्टर लगवाकर जागरूकता अभियान चलाया गया।
- शिक्षकों को ऑन लाईन ई–लर्निंग के माध्यम से शिक्षण कार्य हेतु निर्देशित किया गया ताकि छात्रों के शिक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न न हो।
- समस्त शिक्षकों को **Work from Home** के तहत कार्यालयीन कार्य जैसे नेक विजिट की तैयारी, नये शोध प्रोजेक्ट तैयार करने, शोध पत्र तैयार करने, विभागीय रोड मेप तैयार करने, पाठ्यक्रमों को अपग्रेड करने, सिलेबस में संशोधन करने, स्टार्टअप परियोजनाओं के लिये नई योजनाएं तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।
- आपातकालीन सेवाओं के लिये इमरजेन्सी पास वितरित किये गये।

- जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना मुक्त भारत के लिये अपना अमूल्यवान सहयोग दे रहे सभी सहयोगियों का ताली और थाली बजाकर आभार माना।
- विश्वविद्यालय के हेल्थ सेन्टर द्वारा सोफिया कॉलेज के सहयोग से कोरोना की रोकथाम के लिये होम्योपेथी दवाओं का वितरण किया गया।